Report

Of the Workshop on

"WALL MAGAZINE PREPARATION AND SCIENCE DISCUSSION TO CELEBRATE SCIENCE WEEK 2021"

26 FEBRUARY 2021

Organized by:

Internal Quality Assurance Cell (IQAC)

Govt. Post Graduate College Berinag, Pithoragarh
SSJ University Almora Uttarakhand

&

Aarambh Study Circle Pithoragarh

WORKSHOP HIGHLIGHTS

A one-day workshop was organized by the IQAC in collaboration with Aarambh Study Circle on the topic Wall Magazine Preparation and Science Discussion to Celebrate Science Week 2021, dated February 26, 2021. Dr. C. D. Suntha, Principal, GPGC Berinag welcomed all guests, faculty and students. He spoke about the role of science in our daily life and highlighted the importance of wall magazine creation for students. Shri Mahendra from Aarambh Study Circle briefly elaborated the challenges of Science and Technology, faced by human in the current scenario. On this occasion, a book's fare was organized in the college campus and a variety books and novels related to science fiction, inspirational stories, Indian art and culture, geography and history of Uttarakhand were displayed for students. Dr. J. N. Pant, Assistant Professor (Botany) proposed a vote of thanks.

विज्ञान दिवस पर बेरीनाग में पुस्तक प्रदर्शनी व कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता

बेरीनाग। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर विज्ञान सप्ताह के तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेरीनाग में आरंभ स्टडी सर्कल के तत्वाधान में विज्ञान लेखन पर केंद्रित एक दिवसीय विज्ञान संवाद कार्यशाला एवं दीवार पत्रिका निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस अवसर पर आरं' द्वारा पुस्तक प्रदर्शनी व कविता पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गयी.महाविद्यालय में लगी इस पुस्तक प्रदर्शनी में स्तरीय प्रकाशनों से प्रकाशित विज्ञान, उपन्यास, कहानी, कविता, इतिहास, कला, संस्कृति व उत्तराखंड पर केंद्रित पुस्तकें शामिल रही. पुस्तक प्रदर्शनी को लेकर छात्र–छात्राओं व महाविद्यालय के शिक्षकों में भी ख़ासा उत्साह देखा गया. पुस्तक प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते हुए मुकुल ने कहा कि पुस्तक प्रदर्शनी के ज़रिए गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों तक छात्र–छात्राओं की पहुँच को सुलभ बनाना उद्देश्य है. कार्यशाला में शामिल छात्र–छात्राओं के साथ विज्ञान लेखन पर बातचीत रखने के साथ साथ विज्ञान पर भी संवाद हुआ.



विज्ञान संवाद कार्यशाला के बारे में बताते हुए महेंद्र ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य आम जन के लिए विज्ञान की जानकारी व विश्लेषण प्राप्त करने के स्रोतों व इस क्षेत्र की चुनौतियों पर बातचीत के साथ साथ छात्र–छात्राओं की इसमें संभावित भूमिका पर संवाद का था।

दीवार पत्रिका निर्माण कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए आरंभ के आशीष ने बताया कि दीवार पत्रिका निर्माण कार्यशाला का आयोजन छात्र–छात्राओं में लेखन कौशल व रचनात्मकता के विकास के उद्देश्य से किया गया. महाविद्यालय प्राचार्य सी.डी.सूँठा ने कार्यशाला और पुस्तक प्रदर्शनी के आयोजन पर खुशी जताते हुए सभी प्रतिभागियों व आरंभ स्टडी सर्कल का इस आयोजन के लिए आभार जताया. महाविद्यालय में पहली बार आयोजित हो रही इस कार्यशाला में छात्र–छात्राओं की रुचि दिखाना एक अच्छे भविष्य का संकेतक है. आयोजन अवसर पर अपनी बात रखते हुए महाविद्यालय के डॉ.जे.एन.पंत ने विज्ञान दिवस के अवसर पर इस तरह के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन अगर नियमित रूप से होते रहें तो छात्र–छात्राओं में ना केवल विज्ञान के प्रति रुचि जागृत होगी बल्कि यह उनके सर्वांगीण विकास में भी सहायक सिद्ध होगा।

Govt. P.G. College Berinag
PRINCIPAL
(Pithoragarh)